दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

SJT

वर्ष-11, अंक-319 शनिवार 19 नवम्बर, 2022, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

## "कैरियर जागरूकता कार्यक्रम" संगोष्ठी का आयोजन

### कथूरिया रहीं मुख्य वक्ता



अग्रवाल कालेज में आयोजित संगोष्ठी में उपस्थित प्राध्यापक व छात्राएं।
छाया: सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।

बल्लभगढ़, 18 नवम्बर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। शुक्रवार को अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के वाणिज्य विभाग द्वारा "कैरियर जागरूकता कार्यक्रम" पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हमारे प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के मार्गदर्शन और प्रेरणा से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सी एस रिया कथूरिया थी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रेखा सैन (समन्वयक) ने किया। मुख्य वक्ता ने दर्शकों को कंपनी सेक्रेटरी कोर्स के बारे में जागरूक किया और बताया कि कैसे आप आसानी से इस कोर्स को क्रैक कर सकते है। उन्होंने यह भी बताया कि आप अपने आत्मविश्वास के स्तर को कैसे सुधार सकते है और उनके आत्मविश्वास के स्तर को बढ़ाने के लिए कुछ गतिविधियाँ भी की। उन्होंने पर्सनैलिटी को बेहतर बनाने के लिए कुछ टिप्स भी दिए। उन्होंने छात्र-छात्राओं के लिए कई अवसर जोड़े जिनका वे सीएस कोर्स करने के बाद लाभ उठाएंगे। इस कार्यक्रम में टीम के सदस्य डॉ. शोभना गोयल के साथ डॉ. डिंपल, सुश्री पूजा, सुश्री प्रीति, सुश्री नेहा, पंकज भी शामिल थे। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और मुख्य वक्ता से कई प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा को शांत किया। कार्यक्रम की सफलता के लिए प्राचार्य ने पूरी टीम को बधाई दी।